नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त
महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय] वर्धा
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

विद्यार्थियों ने दी मानव, उद्भव, उद्विकास प्रदर्शनी को भेंट

वर्धा, 19 सितंबर,2019: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा में मानवविज्ञान विभाग के दस वर्ष पूरे होने पर 'मानव, उद्भव, उद्विकास एवं जैव सांस्कृतिक विविधता' विषय पर आयोजित प्रदर्शनी को गुरुवार,19 सितंबर को केंद्रीय विद्यालय,गांधी सिटी पब्लिक स्कूल, न्यू इंग्लिश स्कूल आदि स्कूलों के विद्यार्थियों ने भेंट दी। इस अवसर पर

केंद्रीय विद्यालय के शिक्षक संजय वाघमारे, अमरेश कुमार, कुणाल भारद्वाज, सुवर्णा पारखी, मानव विज्ञान संग्रहालय नागपुर के डॉ. संजय शुक्ल, विभाग के अध्यापक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

विश्वविद्यालय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विद्या भवन के सभागार में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत क्षेत्रीय मानवविज्ञान संग्रहालय नागपुर की ओर से लगायी गयी इस प्रदर्शनी में भारत की विभिन्न जनजातियां, उनकी रहन-सहन,खान-पान एवं संस्कृति को चित्रों,कलाओं और कृतियों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। जनजातियों के

भौतिक,सांस्कृतिक एवं आनुवंशिक परिदृश्यों के साथ ही जनजातियों की अमूल्य सांस्कृतिक

विरासत को प्रदर्शनी में दर्शाया गया है। यह प्रदर्शनी शनिवार के दोपहर 12 बजे तक सभी के लिए नि:शुल्क खुली रहेगी।